


राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान फरवरी 2021

## महानिदेशक का संदेश.....



देश में कोविड-19 के संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए अनुसरित राष्ट्रव्यापी तालाबंदी से शैक्षणिक और प्रशिक्षण गतिविधियों को भी बंद करना पड़ा। दूसरे तरफ ऑनलाइन और डिजिटल प्रौद्योगिकियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए व्यापक अवसर प्रदान किए हैं जो उभरते हुए विषयों पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं और भागीदारों को अधिक संख्या में कवर करते हैं।

मैनेज के संकाय सदस्य कृषि विस्तार रणनीतियों के विशेष संदर्भ के साथ कृषि विकास के लिए कोविड -19 की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशिक्षण के वर्चुअल मोड को अपना लिया है। मैनेज ने जून 2020 के दौरान वेबिनार, ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम और मूक्स-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। कुल 12071 प्रतिभागियों को कवर करते हुए 106 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा, मुझे यह साझा करने में खुशी हो रही है कि मैनेज संकाय सदस्यों ने अनुसंधान और प्रलेखन गतिविधियों पर महामारी की अवधि का सबसे अच्छा उपयोग करते हुए अपने प्रयासों को जारी रखा और कृषि विस्तार से संबंधित विभिन्न विषयों पर नवीनतम ज्ञान साझा करने के लिए 56 प्रकाशनों का रिकॉर्ड बनाया, जिसमें शोध लेख, चर्चा पत्र, वर्किंग पेपर्स, रिपोर्ट, किताबें, पुस्तक अध्याय, संगोष्ठी पत्र, नीति संक्षेप और रिपोर्ट शामिल थे।

कोविड दिशानिर्देशों में छूट और सुधार की स्थिति के साथ, मैनेज ने प्रमुख कार्यक्रमों और योजनाओं जैसे देसी, एसटीआरवाई, सीसीआईएनएम, पजीडीएईएम, एसीएबीसी को लागू करने के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा सितंबर 2020 से अपनी ऑनलाइन गतिविधियों में तेजी लाई। मुझे यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि, मैनेज ने नवाचारों और कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए आरकेवीवाई – रफ्तार कार्यक्रम के तहत कृषि स्टार्ट-अप के लिए रु.4 करोड़ का अनुदान प्रप्त किया। मैनेज ने पीजीडीएम (एबीएम) के छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया भी पूरी कर ली है और फरवरी 2021 में उनकी कक्षाएं शुरू कर दी गई है। नामी प्रबंध संस्थानों को सम्मिलित कर वार्षिक कार्यक्रम कृषि चाणक्य - बी फेस्ट का आयोजन ऑनलाईन किया गया है।

अगले वर्ष के प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शोध अध्ययनों की योजना बनाने के लिए मैनेज ने प्रयास किया है। कृषि विस्तार पेशेवरों के प्रशिक्षण जरूरतों का आकलन करने और उनके साथ सहयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर निर्णय के लिए वार्षिक प्रशिक्षण योजना कार्यशाला एटीपीडब्ल्यू - 2021 का आयोजन किया गया जिसमें राज्य विभागों, ईईआई (एसएएमईटीआई, एसएयू, आईसीएआर, एटीएआरआई और केवीके) शामिल हैं। वर्ष 2021–2022 के लिए प्रशिक्षण और शोध अध्ययन को अंतिम रूप देने 24 फरवरी 2021 को मैनेज की शैक्षणिक समिति की 25 वीं बैठक भी आयोजित की गई थी। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि कार्यान्वयन के लिए मैनेज ने 13 नई पहल (विवरण पृष्ठ 4 और 5 पर हैं) की कल्पना की है, जो कृषि विस्तार प्रणाली और भारत को ग्लोबल लीडर इन एग्रीकल्चर के रूप में स्थान प्राप्त कराएगा।

डॉ. पी. चन्द्रा शेखरा
महानिदेशक

## मैनेज परिवार महानिदेशक, मैनेज के रूप में डॉ. पी. चंद्रा शेखरा का हार्दिक स्वागत करता है



मैनेज परिवार महानिदेशक, मैनेज के रूप में डॉ. पी. चंद्रा शेखरा का हार्दिक स्वागत करता है। उन्होंने 13 नवंबर, 2020 को महानिदेशक मैनेज का कार्यभार संभाला। उन्होंने राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (NIAM), जयपुर के महानिदेशक के रूप में कार्य किया और राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान में निदेशक, (कृषि विस्तार) इस कार्यभार से पहले, के रूप में कार्यरत थे। वे कई प्रकाशनों के साथ विश्व स्तर पर प्रसिद्ध कृषि विस्तार पेशेवर हैं और उन्हें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन का अनुभव भी है।

मैनेज में निदेशक (कृषि विस्तार) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सेंटर फॉर एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन पॉलिसी, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप और इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए केंद्र प्रमुख के रूप में अपनी सेवा प्रदान की और यूएस-इंडिया सहयोगी कार्यक्रम “फीड द फ्यूचर इंडिया ट्राइंगुलर ट्रेनिंग” के लिए कार्यक्रम निदेशक रहें। मैनेज संकाय और कर्मचारी महानिदेशक, मैनेज का उत्तरदायि संभालने पर उन्हें बधाई देते हैं।

## राष्ट्रीय कार्यशाल

### मैनेज का वार्षिक प्रशिक्षण योजना कार्यशाला - 2021




मैनेज ने 05 फरवरी, 2021 के दौरान मैनेज, हैदराबाद में ऑनलाइन के माध्यम से वार्षिक प्रशिक्षण योजना कार्यशाला 2021 का आयोजन किया। डॉ. पी.एस. आर्मोरिकर, निदेशक (विस्तार प्रशिक्षण) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, चार विस्तार शिक्षा संस्थानों (ईईआई) के निदेशक, 15 राज्य कृषि प्रबंध और विस्तार प्रशिक्षण संस्थानों (एसएएमईटीआई) के संकाय, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के विस्तार शिक्षा निदेशालय के निदेशक कार्यशाला में राज्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, के वी के और मैनेज संकाय के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कार्यशाला ने मैनेज, ईईआई और एसएएमटीआई के प्रस्तावित प्रशिक्षण कैलेंडर को साझा करने और सहयोगी कार्यक्रमों के लिए संभावनाओं का पता लगाने का अवसर प्रदान किया।

# आयोजन



Farmers Day 2020 @MANAGE

मैनेज, हैदराबाद ने राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को मैनेज, हैदराबाद में एक वेबिनार के माध्यम से मनाया। इसमें 80 से अधिक प्रतिनिधियों किसानों, कृषि महिलाओं, मछुआरों, कृषि पालकों, नवप्रवर्तन स्टार्ट-अप, इनपुट डीलरों और विभिन्न राज्यों के प्रशिक्षु शामिल थे और अपने क्षेत्र स्तर के अनुभवों को साझा किया और कृषि में विस्तार और उद्यमिता में सुधार के सुझाव दिए। अधिकारियों, वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और राज्य विभागों, आईसीएआर, केवीके, एसएएमईटीआई (समेती), ईईआई, एनजीओ, एफपीओ, विभिन्न मैनेज शैक्षिक पाठ्यक्रमों के छात्रों, युगांडा, केन्या, मोजांबिक और बांग्लादेश से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों ने इस लाइव वेबिनार में भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा किया और मैनेज से अपनी अपेक्षाएं व्यक्त की।

डॉ. पी. चंद्रा शेखरा, महानिदेशक, मैनेज ने देश में एक बेहतर किसान और बेहतर विस्तार कार्यकर्ता विकसित करने के लिए बेहतर संस्थानों, बेहतर कार्यक्रमों और बेहतर दृष्टिकोण के निर्माण के लिए सभी को एक साथ काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने साझा किया कि मैनेज ने कृषि विकास में सेवानिवृत्त कृषि पेशेवरों का सहयोग कृषि समाचार के तेजी से संचार के लिए कृषि-पत्रकारों का राष्ट्रीय नेटवर्क और कृषि ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर सीरीज व्याख्यान श्रृंखला को प्रेरित करने के लिए सेवा (सेवा विस्तार के माध्यम से) जैसे अभिनव कार्यक्रम प्रारंभ किया हैं। मैनेज अपने सभी सहयोगियों के साथ किसानों के कल्याण के लिए खुद को फिर से समर्पित करने के लिए तैयार है।

## मैनेज की शैक्षणिक समिति की 25 वीं बैठक



मैनेज की शैक्षणिक समिति की 25 वीं बैठक 24 फरवरी, 2021 को ऑनलाइन मोड पर हैदराबाद में आयोजित की गई थी। डॉ. पी. चंद्रा शेखरा, महानिदेशक, मैनेज और अकादमिक समिति के अध्यक्ष ने बैठक की अध्यक्षता की। वर्चुअल मोड के माध्यम से आयोजित इस बैठक में कुल 22 सदस्यों ने भाग लिया। मैनेज की ओर से बेहतर इंटरैक्शन के लिए, मैनेज के अध्यक्ष व महानिदेशक और मैनेज के केंद्र प्रमुखों ने मैनेज में राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस हॉल में एक साथ बैठे थे। श्री अनिल जैन, उप सचिव (विस्तार) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, और डॉ. ए.के. सिंह, उप महानिदेशक (विस्तार), आईसीएआर ने भी बैठक में भाग लिया है। बैठक में कुल 431 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मंजूरी प्राप्त हुई और शैक्षणिक वर्ष 2021-2022 के लिए 8 शोध अध्ययनों को मंजूरी दी गई है।

## मैनेज की नई पहल

**1. सेवा - मैनेज (स्वैच्छिक जुड़ाव के माध्यम से विस्तार सेवा - मैनेज) -** सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों को लागू करने में सहयोग प्राप्त के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र से सेवानिवृत्त कृषि पेशेवरों के लिए एक मंच प्रदान करना। भारत और मैनेज के लगभग 500 पेशेवरों ने इस डेटाबेस में पंजीकरण कर लिया है और मैनेज ने उनकी सेवाओं का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

**2. मैनेज कृषि ज्ञानदीप नॉलेज सीरीज -** कृषि के क्षेत्र में प्रख्यात लोगों को व्याख्यान और भाषण के माध्यम से अपने ज्ञान को साझा करने के लिए आमंत्रित कर उसे देश के हर विस्तार पेशेवर तक पहुंचाने के लिए मैनेज यूट्यूब चैनल के माध्यम से वीडियो के रूप में रिकॉर्ड कर प्रसारित किया जाएगा। 2021 -2022 में बारह मैनज ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर सीरीज़ की योजना बनायी गयी।

**3. कृषि पत्रकारों का राष्ट्रीय नेटवर्क - मैनेज) -** नई प्रौद्योगिकियों, नवाचारों, नीतिगत मुद्दों कृषि / कृषि पत्रकारिता में सर्वोत्तम अभ्यासों को साझाा करने के उद्देश से कृषि सूचना सेवाओं के समर्थन में कृषि पत्रकारों के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना। इस नेटवर्क में लगभग 150 अधिकारी / वैज्ञानिक शामिल हैं जिन्हें मैनेज और ईईआई द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।

**4. मैनेज एफपीओ अकादमी -** यह सार्वजनिक और निजी संगठनों की भागीदारी के साथ एक ऑनलाइन अकादमी जिसका उद्देश्य विभिन्न एफपीओ हितधारकों की क्षमता का निर्माण करना है और अनुसंधान अध्ययन, नीति वकालत, सफलता की कहानियों और मॉडल के प्रलेखन और परामर्श गतिविधियों और अन्य संबंधित पहलुओं की सहायता करना है। जिसके माध्यम से सरकार को अगले पांच वर्षों में 10000 किसान-संगठन बनाने और देश में एफपीओ के 46.25 लाख हितधारकों के प्रशिक्षण का लक्ष्य हासिल करने में सहायता मिलेगा।

**5. कृषि के लिए सैनिक - जय जवान किसान -** ग्रामीण क्षेत्रों में सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए कृषि विकास गतिविधियों में शामिल करने की सुविधा प्रदान करने के लिए यह एक मंच है। हर साल साठ हजार सैनिक सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं उन्हें इस कार्यक्रम के तहत सम्मिलित किया जा सकता है।

**6. एग्रीकल्चर एक्सटेंशन में बेस्ट एम एस सी व पी एच डी थीसिस और बेस्ट बुक फॉर एग्रीकल्चर एक्सटेंशन -** कृषि विस्तार विषय में व्यावसायिक मान्यता में सुधार लाने और कृषि विस्तार में गुणवत्ता पूर्ण शोध और पुस्तके लिखने युवा और व्यवसायियों को प्रेरित करना।

**7. एग्री आइडिया बैंक -** विभिन्न हितधारकों द्वारा उत्पन्न नए कृषि विचारों को संग्रहीत करने के लिए एक मंच (वर्चुअल बैंक) बनाना और राज्य सरकारों, कृषि-व्यवसाय कंपनियों, निजी क्षेत्र, एनजीओ और अन्य को नए विचारों को प्राप्त करने और उपयोग करने के लिए सुविधा प्रदान करना।

**8. कृषि विस्तार अनुसंधान योग्य विषयों पर एम एस सी व पी एच डी स्कॉलर्स का संवेदीकरण -** विश्वविद्यालयों में युवा अनुसंधान विद्वानों को अपने शोध अध्ययनों की रूप रेखा तैयार करना सबसे प्रासंगिक विषयों की पहचान करने और कृषि को आगे बढ़ाने के लिए फील्ड स्तरीय समस्याओं को हल करने हेतु संवेदनशील बनना है। विश्वविद्यालयों में हर साल यह 2000 अनुसंधान विद्वानों को सम्मिलित करेगा जो क्षेत्र स्तर की समस्याओं को हल करने के लिए उपयोगी शोध करेंगे।

**9. कृषि विश्वविद्यालयों के टॉपर्स को आकर्षित करना -** कृषि विस्तार पेशे को अपनाने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों में अव्वल रहने वालों को जागरूक करना और आकर्षित करना। कृषि विश्वविद्यालयों में सभी टॉपर्स के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**10. नेशनल फैसिलिटेटर्स डेवलपमेंट प्रोग्राम (एनएफडीपी) -** भारत सरकार के कार्यक्रम, योजनाएं, मैनेज और अन्य भागीदारी संस्थानों (समेती, ईईआई, आईसीएआर संस्थानों) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लागू करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स और

रिसोर्स पर्सन के रूप में नेशनल फैसिलिटेटर्स का एक नेटवर्क विकसित करना। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2021-2022 में बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 100 राष्ट्रीय फेसिलिटेटरों का विकास किया जाएगा।

**11. एग्री स्टार्टअप्स, एग्रीप्रेन्योर और पीजीडीएम (एबीएम) के छात्रों के लिए पुरस्कार -** सर्वश्रेष्ठ एग्री स्टार्टअप, एग्रीप्रेन्योर और पीजीडीएम (एबीएम) के सर्वश्रेष्ठ छात्रों के लिए पुरस्कार प्रदान करना। यह पुरस्कार उन छात्रों को दिया जाएगा जो हर साल, हर विषय में और हर सेमेस्टर में उच्चतम अंक प्राप्त करते हैं।

**12. एग्री फिल्म फेस्टिवल -** सार्वजनिक संगठनों, निजी क्षेत्र और गैर सरकारी संगठनों द्वारा उत्पादित कृषि फिल्मों को बढ़ावा देने और पुरस्कार देने के लिए एक राष्ट्रीय कृषि फिल्म फेस्टिवल आयोजित करने के लिए, देश के सर्वश्रेष्ठ कृषि फिल्मों का भंडार तैयार करना और विभिन्न माध्यमों से उन तक पहुंच प्रदान करना है।

**13. मैनेज सीएसआर नॉलेज फ़ोरम -** कृषि विकास के लिए और सीएसआर निधि को आकर्षित करने के लिए अनुभवों, विचारों, नवाचारों, मॉडल, प्रौद्योगिकियों, नीति ढांचे को साझा करने के लिए एक मंच बनाना।



## सतर्कता जागरूकता सप्ताह -2020



28 अक्टूबर से 02 नवंबर 2020 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह की शुरुआत संस्थान के संकाय, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शपथ लेने के साथ प्रारंभ हुई। निबंध लेखन, नारा लेखन और वाद-विवाद पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। 02 नवंबर, 2020 को मुख्य प्रशासनिक और लेखा अधिकारी एवं सतर्कता अधिकारी, परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय, बेगमपेट, हैदराबाद के श्री एन. अंजनी कुमार द्वारा "सतर्क भारत, समृद्ध भारत" पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया था।

## कृषि चाणक्य - पीजीडीएम (एबीएम) द्वारा वार्षिक बी-फेस्ट

"कृषि-चाणक्य- कृषि व्यवसाय में क्रांति के लिए बी-फेस्ट" का आयोजन 27-28 नवंबर 2020 के दौरान मैनेज में उत्साह के साथ किया गया । आईआईएमआर, आईआईटी-के, एसआईबीएम, एक्सआईएमबी, एनएएआरएम, सीसीएसएनआईएएम आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के अठारह छात्र प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने छात्रों को कृषि व्यवसाय के क्षेत्र में नए विचारों और नवाचारों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। महानिदेशक डॉ. पी. चंद्रा शेखरा, द्वारा उद्घाटन भाषण के बाद प्रधान समन्वयक पीजीडीएम (एबीएम) डॉ. के. आनंद रेड्डी, बी-फेस्ट की संभावनाओं और कृषि-व्यापार पर इसके प्रभाव पर प्रतिभागियों को बताया।



## मैनेज को प्राप्त पुरस्कार

### तेलंगाना इनोवेशन लीडरशिप अवार्ड 2020

विश्व सीएसआर प्रोफेशनल बॉडी द्वारा मैनेज को तेलंगाना इनोवेशन लीडरशिप अवार्ड 2020 प्रदान किया गया। मैनेज को यह पुरस्कार अपने कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से कृषि विस्तार में बेहतर नेतृत्व प्रदान करने के लिए दिया गया था।




### राजभाषा के रूप में हिंदी के कार्यान्वयन में दूसरा सर्वश्रेष्ठ कार्यालय

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति - 4 (के.स.का.) द्वारा राजभाषा के कार्यान्वयन हेतु मैनेज को दूसरा सर्वश्रेष्ठ कार्यालय के रूप में सम्मानित किया गया है। मैनेज में दैनिक गतिविधियों में राजभाषा के अधिकाधिक उपयोग के लिए, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट समयानुसार राजभाषा विभाग, भारत सरकार को भेजने के आधार पर यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।



# पुस्तक लोकार्पण

## ड्रैगन फ्रूट का उपयोग - कृषि तकनीक (तेलुगु)

डॉ. एम. पद्मय्या, रिटायर्ड प्रिंसिपल साइंटिस्ट, आई आई ओ आर, हैदराबाद द्वारा लिखित एक नई पुस्तक "ड्रैगन फ्रूट यूज-कल्टिवेशन तकनीक (तेलुगु)" का विमोचन 8 जनवरी, 2021 को हैदराबाद में की गई। इस पुस्तक का विमोचन डॉ. प्रवीण राव, उप-कुलपति, पी जे टी एस ए यू और डॉ. पी.चंद्रा शेखरा, महानिदेशक द्वारा  मैनेज, हैदराबाद में किया गया। पुस्तक लेखक द्वारा 6 वर्षों के अनुसंधान और प्रयोग पर आधारित सफल प्रथाओं और मार्गदर्शक सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया है।





## मिचिगन स्टेट यूनिवर्सिटी और मैनेज द्वारा "कृषि विस्तार में नवाचार"






मैनेज - मिचिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (MSU) एक्सटेंशन द्वारा संयुक्त रूप से "कृषि विस्तार में नवाचार" नामक एक संयुक्त पुस्तक का 23 फरवरी 2021 को वर्चुअल स्तर पर पुस्तक लॉन्च समारोह  में विमोचन किया गया। डॉ. पी. चंद्रा शेखरा, महानिदेशक, मैनेज, डॉ. जेफ ड्वायर, निदेशक, एमएसयू - विस्तार और सीएएनआर इंटरनेशनल प्रोग्राम्स के निदेशक डॉ. करीम मेरीडिय, मैनेज के संकाय सदस्य और एमएसयू - एक्सटेंशन पुस्तक विमोचन समारोह में शामिल हुए। इस पुस्तक में विविध अनुभवों, सर्वोत्तम प्रथाओं, नवाचारों, केस स्टडी और सफलता की कहानियों को एक साथ लाया गया है, जिन पर भारत के 22 लेखकों सहित 50 से अधिक लेखकों द्वारा 20 अध्यायों में चर्चा की गई है। पुस्तक को https://www.canr.msu.edu/resources/innovations-in-agricultan-stension से डाउनलोड किया जा सकता है।

# सेवानिवृत्ति

**डॉ. एम. ए. करीम, उप निदेशक** 30 जून, 2020 को मैनेज की सेवा से सेवानिवृत्ति हुए। उन्होंने 27 वर्ष 6 महीने के लिए मैनेज की सेवा की और खेती की स्थिति के आधार पर विस्तार, कृषि विस्तार और संबद्ध विस्तार सुधार में योगदान दिया। वह विशेष रूप से राज्यों के लिए रणनीतिक अनुसंधान और विस्तार योजना (एसआरईपी) तैयार करने के लिए अधिकारियों की क्षमता निर्माण में एनएटीपी परियोजना को लागू करने में सहायक रहें। मैनेज उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता है।



**डॉ. लक्ष्मी मूर्ती, उप निदेशक**, 31 अगस्त, 2020 को मैनेज की सेवा से सेवानिवृत्ति हुई। उन्होंने 31 वर्ष 9 महीने से अधिक समय तक सेवा की। वह फ्रेंच भाषा में उन्नत डिप्लोमा के साथ लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान में फुलब्राइट स्कॉलर भी है। उन्होंने मैनेज में लाइब्रेरी और सूचना सेवाओं के विकास में बहुत योगदान दिया और कृषि ज्ञान प्रबंधन में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के अलावा मैनेज प्रकाशनों के प्रलेखन और संपादकीय सेवाएं भी प्रदान की। मैनेज उन्हें शुभकामनाएं देता है।




मैनेज बुलेटिन का प्रकाशक :

डॉ. पी.चंद्रा शेखरा, महानिदेशक

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज)

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन

राजेंद्रनगर, हैदराबाद -500 030,

दूरभाष: 040-24594509, फैक्स: 040-24015388

मुख्य संपादक :

डॉ. पी. चंद्रा शेखरा

संपादक

डॉ. श्रीनिवास चर्युलु

एसोसिएट एडिटर

डॉ. के. श्रीवल्ली

संकलन और डिजाइन

सुश्री वाई जाह्नवी